# कार्यवाही विवरण दिनांक 07/02/2025

दिनांक 07/02/2025 को प्रबंध संचालक महोदय की अध्यक्षता में मण्डी बोर्ड मुख्यालय, भोपाल के सभाकक्ष में प्रदेश की स-वर्ग की 54 कृषि उपज मंडी समितियों में ई-मंडी योजना प्रवृत्त किये जाने के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें मण्डी बोर्ड मुख्यालय, एन.आई.सी. भोपाल तथा ब-वर्ग के समस्त मंडी सचिव संलग्न परिशिष्ट-1 अनुसार अधिकारीगण/प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

आयोजित बैठक में श्री योगेश नागले सहायक संचालक, श्री मो. जाहिद तथा श्री सौरभ रंजन एप डेवलपर द्वारा मंडी बोर्ड की ई-मंडी योजना का प्रस्तुतिकरण पीपीटी के माध्यम से किया गया। ई-मंडी योजना में गूगल प्लेस्टोर के माध्यम से ई-मंडी ऐप को निशुल्क डाउनलोड कर मंडी समितियों में किसानों के द्वारा स्वयं के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया से अवगत कराया गया, जो कि ओटीपी बेस्ड है। किसान को मंडी के प्रवेश द्वार पर अपना स्वयं का नाम, पता, अपनी उपज का विवरण, ग्रेड, अनुमानित वजन की जानकारी को मंडी कर्मचारी द्वारा प्रवेश द्वार पर स्थापित सिस्टम में दर्ज कर प्रवेश पर्ची जारी करने की जानकारी दी गई। ई-मंडी ऐप में कृषक को स्वयं प्रवेश पर्ची जनरेट करने की सुविधा भी दी गई है। ई-मंडी एप की समीक्षा उपरांत निम्नानुसार आवश्यक निर्देश दिये गयेः-

1. सभी सचिवों को ई-मंडी योजना का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन करने के निर्देश प्रबंध संचालक महोदय द्वारा दिए गए।
2. मंडी बोर्ड मुख्यालय तथा आंचलिक कार्यालयों पर स्थापित हेल्प डेस्क से ई-मंडी योजना प्रवृत्त किये जाने के सम्बन्ध में सहयोग मंडियों को दिया जाएगा।
3. ई-मंडी एप पर कृषकों द्वारा स्वयं सेल्फ रजिस्ट्रेशन किये जाने की सुविधा का व्यापक प्रचार-प्रसार किये जाने के निर्देश दिए गए।
4. सभी सचिवों को अपने अंचल की अ-वर्ग एवं ब-वर्ग की मंडियों में संचालित ई-मंडी योजना को अपने समस्त स्टाफ के साथ भ्रमण कर प्रक्रिया प्रवाह का प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश दिए गए।
5. ई-मंडी एप पर प्रवेश, अनुबंध, तौल एवं भुगतान के SMS तथा व्हाट्सएप मैसेज किसानों को एप पर रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर प्राप्त होते है, उक्त व्यवस्था का व्यापक रूप से कृषकों के मध्य प्रचार-प्रसार किये जाने के निर्देश दिए गए।
6. प्रवेश द्वार पर डेस्कटॉप कंप्यूटर सिस्टम विथ स्माल थर्मल प्रिंटर, इन्टरनेट विथ WIFI सिस्टम। आवश्यकतानुसार डेस्कटॉप की संख्या तथा कर्मचारी की व्यवस्था में वृद्धि किये जाने की कार्यवाही मंडी समिति करेगी।

Sandeep

7. कितनी नीलमी संबंधित मंडी प्रांगण में एक साथ होती है, उस अनुपात में POS मशीन जिसके स्पेसिफिकेशन एन.आई.सी. भोपाल द्वारा स्वीकृत किये गए है उक्त POS मशीन विथ सिम एवं WIFI इनेबल्ड की व्यवस्था मंडी समिति करेगी।

8. अनुज्ञप्तिधारी तुलावटियों का वन टाइम ई-मंडी एप्लीकेशन पर रजिस्ट्रेशन तथा एंड्राइड मोबाइल पर ई-मंडी एप पर तौल की फाइनल मात्रा दर्ज करने की ट्रेनिंग तुलावटियों को मंडी प्रशासन को करना है। नीलामी में POS मशीन से जारी अनुबंध की प्रति पर तुलावटी द्वारा फाइनल तौल की मात्रा पूर्व पृष्ठ पर दर्ज कराया जाना है।

9. बड़े इलेक्ट्रॉनिक तौल काँटों पर तौल उपरान्त एंड्राइड मोबाइल से फाइनल तौल की मात्रा को ई-मंडी एप पर दर्ज करने का प्रशिक्षण बड़े तौल कांटे को संचालित करने वाले ओपरेटर को मंडी समितियों को करना है।

10. सम्पूर्ण जानकारी (प्रवेश, नीलामी तथा तौल) व्यापारी के रजिस्टर्ड आईडी (ई-अनुज्ञा पोर्टल) पर प्रदर्शित होगी। व्यापारी अपने सिस्टम तथा मोबाइल से भुगतान पत्रक जारी करेंगें। व्यापारियों को ई-मंडी योजना का प्रशिक्षण यथा यूजर मैन्युअल अनुसार प्रशिक्षित करना है। उक्त कार्य मंडी समिति अपने क्षेत्रान्तर्गत करेगी।

11. मंडी प्रांगण में स्वच्छ पेय जल,साफ़ सुथरे शौचालय,कैंटीन, कृषक विश्राम गृह, आवश्यक रंगाई पुताई की उचित व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिए गए। मंडी सचिव तथा उप यंत्री संयुक्त रूप से उक्त व्यवस्था सुनिश्चित करेंगें।

12. जिन मंडियों में प्रवेश द्वार, आवक नाका, जावक नाका, बाउन्ड्रीवाल तथा इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी है, उनका चिन्हांकन कर शीध्र मरम्मत एवं निर्माण कार्य किये जाने हेतु समस्त संभागीय संयुक्त संचालक तथा तकनीकी संभागों के कार्यपालन यंत्रियों को निर्देश दिए गए।

13. किसानों के मंडी में प्रवेश से लेकर उनके निकासी तक की कार्यवाही को मंडी समितियां हैण्डऑन प्रैक्टिस करेंगीं तथा आवश्यक हार्डवेयर तथा सॉफ्टवेर की व्यवस्था स्टोर परचेस रूल अनुसार करेंगीं। व्यवहारिक परिचालन (अभ्यास) के उपरान्त दिनांक 01/04/2025 से उक्त योजना का प्रसार शत-प्रतिशत मंडी समितियां अपने मंडी प्रांगण में करेंगीं।

14. मंडी के निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक तथा उपलब्ध लिपिकीय अमले का उपयोग ई-मंडी योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु करने के निर्देश दिए गए। ई-मंडी तथा ई-अनुज्ञा योजना प्रवृत्त होने के परिणामस्वरूप मंडियों में अनेक प्रकार के मेन्यूअल कार्य, प्ररूप, पंजियों के संधारण मे कमी आएगी। अत: कार्यालयीन कार्य में कार्यरत अमले का उपयोग भी ई-मंडी योजना में किये जाने के निर्देश दिए गए।

15. आंचलिक अधिकारी अपने अंचल की स-वर्ग की 54 मंडी समितियों में ई-मंडी योजना समय सीमा में लागू करने का सतत पर्यवेक्षण करेंगें तथा योजना को दिनांक 01/04/2025 से अपने अंचल की स-वर्ग मंडियों में शत-प्रतिशत लागू करायेंगें।

16. उपस्थित सभी मंडी सचिवों तथा उनके साथ आये ई-मंडी कार्य में लगे व चिन्हांकित कर्मचारियों को ई-मंडी योजना का व्यवहारिक प्रशिक्षण श्री संदीप चौबे तथा श्री योगेश नागले द्वारा दिया गया।
17. ई-मंडी योजना के संचालन के यूजर आईडी तथा पासवर्ड मंडी सचिवों को उपलब्ध कराये गए।

बैठक के अंत में प्रबंध संचालक द्वारा समय सीमा में निर्देशित कार्यो को पूर्ण करने के निर्देश देते हुये बैठक समाप्त की गयी।

(प्रबंध संचालक महोदय द्वारा अनुमोदित)

Sandeep
11/02/2025
(संदीप कुमार चौबे)
चीफ प्रोग्रामर
म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्र./मंडी बोर्ड/आई.टी.सेल/2024-25/ 474 भोपाल, दिनांक 11 /02/2025

प्रतिलिपि:- सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।

1. निज सहायक, प्रबंध संचालक, म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल।
2. अपर संचालक, म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल।
3. संयुक्त संचालक/उपसंचालक, म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड, आंचलिक कार्यालय (समस्त)।
4. कार्यपालन यंत्री, तकनीकी संभाग (समस्त)।
5. श्री मुशर्रफ सुल्तान, वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, एन.आई.सी. भोपाल।
6. संयुक्त संचालक/सहायक संचालक (नियमन), म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल।
7. चीफ प्रोग्रामर/प्रोग्रामर, म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल।
8. सचिव, कृषि उपज मंडी समिति (समस्त 'स' वर्ग)।

Sandeep
11/02/2025
चीफ प्रोग्रामर
म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

| क्र. | अधिकारी/प्रतिनिधि | पदनाम | कार्यालय का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री संदीप कुमार चौबे | चीफ प्रोग्रामर | मण्डी बोर्ड मुख्यालय |
| 3. | श्री संजीव अग्निहोत्री | प्रोग्रामर | मण्डी बोर्ड मुख्यालय |
| 4. | श्री योगेश नागले | सहायक संचालक | मण्डी बोर्ड मुख्यालय |
| 5. | श्री मो. जाहिद | एप डेवलपर | एन.आई.सी. भोपाल |
| 6. | श्री सौरभ रंजन | एप डेवलपर | एन.आई.सी. भोपाल |
| 7. | श्री नीलेश कुमार पंथी | स.उ.नि. | मण्डी बोर्ड मुख्यालय |
| 8. | श्री विलियम जार्ज | मंडी सचिव | कृ.उ.मं.स. रेहटी |
| 9. | श्री नारायण सिंह चौहान | मंडी सचिव | कृ.उ.मं.स. बकतरा |
| 10 | श्रीमति रजनी वर्मा | मंडी सचिव | कृ.उ.मं.स. उदयपुरा |
| 11 | श्री वीरेंद्र सिंह ठाकुर | मंडी सचिव | कृ.उ.मं.स. बेगमगंज |
| 12 | श्री फतेह सिंह चैहान | मंडी सचिव | कृ.उ.मं.स. शमशाबाद |
| 13 | श्री पूरनलाल राज | मंडी सचिव | कृ.उ.मं.स. लटेरी |
| 14 | श्रीमती हेमवती कवरेती ठाकुर/ | मंडी सचिव | कृ.उ.मं.स. सेमरीहरचंद |
| 15 | श्री कमलेश नागवंशी | मंडी सचिव | कृ.उ.मं.स. बनखेडी |
| 16 | श्री दीपक पालीवाल | मंडी सचिव | कृ.उ.मं.स. खेतिया |
| 17 | श्री अनिल कुमार उजले | मंडी सचिव | कृ.उ.मं.स. अंजड़ |
| 18 | श्री अश्विन वसावा | मंडी सचिव | कृ.उ.मं.स. पेटलावद |
| 19 | श्री नवलसिंह अलावे | मंडी सचिव | कृ.उ.मं.स. पंधाना |
| 20 | श्री उदय सिंह चौहान | मंडी सचिव | कृ.उ.मं.स. राजगढ़ |
| 21 | श्री योगेश बर्वे | मंडी सचिव | कृ.उ.मं.स. बडवाह |
| 22 | श्री गमरसिंह चौहान | मंडी सचिव | कृ.उ.मं.स. गौतमपुरा |
| 23 | श्री मोहनलाल भदनेकर | मंडी सचिव | कृ.उ.मं.स. हरसूद |
| 24 | श्री अनिल कुमार शर्मा | मंडी सचिव | कृ.उ.मं.स. सेवड़ा |
| 25 | श्री नवीन चंद पांडे | मंडी सचिव | कृ.उ.मं.स. भितरवार |
| 26 | श्री श्यामलाल मीना | मंडी सचिव | कृ.उ.मं.स. आरोन |
| 27 | श्री प्रेम कुमार मीना | मंडी सचिव | कृ.उ.मं.स. बीनागंज |
| 28 | श्री अशोक राजपूत | मंडी सचिव | कृ.उ.मं.स. मक्सुदनगढ़ |
| 29 | श्री विश्वनाथ सिंह | मंडी सचिव | कृ.उ.मं.स. शिवपुरी |
| 30 | श्री रामकुमार शर्मा | मंडी सचिव | कृ.उ.मं.स. बदरवास |
| 31 | श्री विजय सिंह मीणा | मंडी सचिव | कृ.उ.मं.स. करेरा |
| 32 | श्री बलवीर सिंह यादव | मंडी सचिव | कृ.उ.मं.स. पिछोर |
| 33 | श्री पंजाब सिंह दादौरिया | मंडी सचिव | कृ.उ.मं.स. मुरैना |
| 34 | श्री गिर्राज प्रसाद गोयल | मंडी सचिव | कृ.उ.मं.स. बड़ौदा |
| 35 | श्री राजाराम उइके | मंडी सचिव | कृ.उ.मं.स. पांढूरना |
| 36 | श्री गेलन सिंह मशराम | मंडी सचिव | कृ.उ.मं.स. केवलारी |



Sandeep

| | | | |
|---|---|---|---|
| 37 | श्री नरेन्द्र सिंह बघेल | मंडी सचिव | कृ.उ.मं.स. बरघाट |
| 38 | धुरनलाल पंचेश्वर | मंडी सचिव | कृ.उ.मं.स. वारासिवनी |
| 39 | श्री ओमकार सिंह उइके | मंडी सचिव | कृ.उ.मं.स. मंडला |
| 40 | नीतू उइके | मंडी सचिव | कृ.उ.मं.स. चौरई |
| 41 | श्री गोविन्द सिंह गौड़ | मंडी सचिव | कृ.उ.मं.स. बड़ामलहेरा |
| 42 | श्री अमृत सिंह गौड़ | मंडी सचिव | कृ.उ.मं.स. जतारा |
| 43 | कैलाश नारायण तिवारी | मंडी सचिव | कृ.उ.मं.स. पथरिया |
| 44 | श्रीमती ममता वर्मा | मंडी सचिव | कृ.उ.मं.स. राजनगर |
| 45 | श्री राम चरण ठाकुर | मंडी सचिव | कृ.उ.मं.स. देवरी |
| 46 | श्री महिपालसिंह ठाकुर | मंडी सचिव | कृ.उ.मं.स. जबेरा |
| 47 | श्री विनय सिंह तोमर | मंडी सचिव | कृ.उ.मं.स. बण्डा |
| 48 | श्री अमृत सिंह गौड़ | मंडी सचिव | कृ.उ.मं.स. खरगापुर |
| 49 | श्री शिव भूषण निगम | मंडी सचिव | कृ.उ.मं.स. छतरपुर |
| 50 | श्री संतोष कुमार पटेल | मंडी सचिव | कृ.उ.मं.स. गढ़ाकोटा |
| 51 | श्री सुरेन्द्र कुमार भिलाला | मंडी सचिव | कृ.उ.मं.स. खाचरौद |
| 52 | श्री मनोज खांची | मंडी सचिव | कृ.उ.मं.स. नागदा |
| 53 | श्री विजय मरमट | मंडी सचिव | कृ.उ.मं.स. कन्नौद |
| 54 | श्री रुमाल सिंह | मंडी सचिव | कृ.उ.मं.स. सोनकच्छ |
| 55 | श्री राजेश कुमार साकेत | मंडी सचिव | कृ.उ.मं.स. लौहदा |
| 56 | श्री प्रकाश कुमार तेकाम | मंडी सचिव | कृ.उ.मं.स. मनासा |
| 57 | श्री डी सी राजपूत | मंडी सचिव | कृ.उ.मं.स. कालापीपल |
| 58 | श्री केशरसिंह भिलाला | मंडी सचिव | कृ.उ.मं.स. नलखेड़ा |
| 59 | श्री शोभनाथ साकेत | मंडी सचिव | कृ.उ.मं.स. चाकघाट |
| 60 | श्री कुंवर साय | मंडी सचिव | कृ.उ.मं.स. उमरिया |
| 61 | श्री हीरामणी त्रिपाठी | मंडी सचिव | कृ.उ.मं.स. सीधी |

Sandeep
11/02/2025
चीफ प्रोग्रामर
म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल